**TERM-1 EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET I**

| | |
|---|---|
| Class : VII | Duration : 3 Hrs |
| Date : 09.09.2026 | Max. Marks : 80 |
| Admission No.: | Roll No.: |

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 18 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 22 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 24 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 20 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

भारत एक विशाल और विविधताओं से भरा देश है। यहाँ अनेक धर्मों, भाषाओं, वेशभूषाओं, खान-पान और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। अलग-अलग राज्यों की अपनी-अपनी परंपराएँ, रीति-रिवाज और त्योहार हैं, फिर भी सभी भारतीय एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। यही कारण है कि भारत को 'अनेकता में एकता' का देश कहा जाता है।

हमारे देश में होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरुपर्व और पोंगल जैसे अनेक त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। इन अवसरों पर सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हैं और खुशियाँ बाँटते हैं। जब देश पर कोई प्राकृतिक आपदा या अन्य संकट आता है, तब सभी नागरिक जाति, धर्म और भाषा का भेद भूलकर एक-दूसरे की सहायता करते हैं। यही एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।हमें हमेशा प्रेम, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना बनाए रखनी चाहिए।

(i) भारत को किस नाम से जाना जाता है? [1]

(a) पर्वतों का देश

(b) अनेकता में एकता का देश

(c) रेगिस्तानों का देश

(d) द्वीपों का देश

(ii) संकट के समय भारत के नागरिक क्या करते हैं? [1]

(a) एक-दूसरे से लड़ते हैं

(b) घर छोड़ देते हैं

(c) मिलकर एक-दूसरे की सहायता करते हैं

(d) कोई काम नहीं करते

(iii) अनेकता में एकता का क्या संदेश है? [1]

(a) आपस में भेदभाव करना

(b) केवल अपनी भाषा का सम्मान करना

(c) प्रेम, भाईचारे और सहयोग से रहना

(d) दूसरों की सहायता न करना

(iv) भारत को 'अनेकता में एकता' का देश क्यों कहा जाता है? [2]

(v) इस गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? [2]

प्रश्न. 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

एक गाँव में एक ब्राह्मण और उसकी पत्नी रहते थे। उनके घर एक छोटा बच्चा था। उन्होंने एक नेवले को भी पाल रखा था। नेवला उस बच्चे से बहुत प्रेम करता था और उसकी रक्षा करता था। एक दिन ब्राह्मण किसी काम से बाहर गया। थोड़ी देर बाद ब्राह्मणी भी पानी भरने चली गई। जाते समय उसने बच्चे की देखभाल नेवले को सौंप दी। उसी समय एक विषैला साँप घर में घुस आया। नेवले ने बहादुरी से साँप से लड़ाई की और उसे मार डाला। इस लड़ाई में नेवले का मुँह खून से भर गया।

जब ब्राह्मणी वापस लौटी, तो उसने नेवले के मुँह पर खून देखा। उसने बिना सोचे-समझे यह समझ लिया कि नेवले ने उसके बच्चे को मार दिया है। क्रोध में आकर उसने पानी का घड़ा नेवले पर दे मारा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जब वह घर के अंदर गई, तो उसने देखा कि बच्चा सुरक्षित सो रहा है और पास में मरा हुआ साँप पड़ा है। तब उसे अपनी भूल का बहुत पछतावा हुआ।

(i) ब्राह्मण के घर में किसे पाला गया था? [1]

(a) कुत्ता (b) बिल्ली

(c) नेवला (d) तोता

(ii) नेवले ने किसे मार दिया था? [1]

(a) चूहे को (b) साँप को

(c) बिल्ली को (d) लोमड़ी को

(iii) ब्राह्मणी को अपनी गलती का पता कब चला? [1]

(a) जब ब्राह्मण घर आया

(b) जब उसने बच्चे को सुरक्षित और साँप को मरा हुआ देखा

(c) जब नेवला भाग गया

(d) जब पड़ोसी आए

(iv) नेवले ने बच्चे की रक्षा कैसे की? [2]

(v) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? [2]

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 भाषा ,व्याकरण और वर्ण -विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [4]

(i) भाषा के कितने रूप हैं?

(ii) भाषा के लिखने के ढंग को क्या कहते हैं?

(iii) हमारे देश की राजभाषा कौन सी है?

(iv) भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं?

(v) दो ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए

प्रश्न.4 तत्सम- तद्भव शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) रात्रि का तद्भव रूप लिखिए |

(ii) निद्रा का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) सच का तत्सम शब्द लिखिए |

प्रश्न.5 संज्ञा - सर्वनाम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) संज्ञा के कोई दो भेद लिखिए |

(ii) जयपुर शब्द में कौन -सी संज्ञा है?

(iii) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

(iv) ------दरवाजा खटखटा रहा है?(सही सर्वनाम शब्द भरिए )

प्रश्न.6 कारक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) पिता जी बच्चों -------- टॉफी लाए | (सही कारक चिह्न भरिए)

(ii) गंगा हिमालय से निकलती है | (कारक चिह्न का नाम बताइए)

(iii) कृष्ण का गाँव दूर है | (कारक शब्द बताइए )

प्रश्न.7 विलोम-पर्यावाची शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) माँ के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

(ii) कमल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

(iii) अमृत का विलोम शब्द लिखिए |

(iv) सुगंध का विलोम शब्द लिखिए|

प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) 'श्रीमान' का स्त्रीलिंग रूप लिखिए |

(ii) 'विद्वान' का स्त्रीलिंग रूप लिखिए |

(iii) 'दीवार' का बहुवचन रूप लिखिए |

(iv) 'कविता' का बहुवचन रूप लिखिए |

प्रश्न.9 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) 'अपयश' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

(ii) 'निर्जल' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

(iii) 'सेठानी' में प्रत्यय शब्द बताइए|

(iv) चमक +ईला = --------- (नया शब्द बनाइए)

प्रश्न.10 विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [2]

(i) विशेषण के कितने प्रकार हैं?

(ii) सफ़ेद ताजमहल को मैं देखती रह गई|(विशेषण का भेद बताइए )

(iii) जम्मू-कश्मीर सुंदर प्रदेश है | (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए )

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.11 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

बहुत पुरानी बात है। गंगाधर नाम का एक साधु था। यह भिक्षा माँगकर जीवनयापन करता था। यह बहुत क्रोधी स्वभाव था। उसे अपने तप पर बड़ा घमंड था। एक दिन वह पेड़ के नीचे तपस्या कर रहा था। उसी पेड़ पर बैठा कौआ बार-बार तपस्या भंग कर रहा था। इस पर साधु को बड़ा क्रोध आया। उसने कौए की तरफ क्रोध से देखा, वह जलकर भस्म हो गया। साधु को अपनी शक्ति पर बड़ा घमंड हुआ| एक दिन साधु भिक्षा माँगने निकला। भिक्षा माँगते माँगते वह एक द्वार पर रुका। घर के बाहर किसी को न पाकर उसने आवाज़ लगाई, "कोई है जो इस साधु को भिक्षा दे सके?" कुछ देर बाद एक स्त्री अन्न से भरा कटोरा लेकर घर से बाहर आई | तभी उसका पति खेत से वापस आ गया। उसके हाथ -पाँव मिट्टी से मिट्टी से सने थे और वह बहुत थका हुआ था। अपने पति को देखते ही स्त्री ने कटोरा एक ओर रख दिया | वह जल्दी से आकर पानी ले आई और अपने पति के हाथ -पाँव धुलवाए |

(i) गंगाधर कौन था?

(a) व्यापारी (b) किसान
(c) साधु (d) सैनिक

(ii) गंगाधर अपना जीवनयापन कैसे करता था?

(a) खेती करके (b) व्यापार करके
(c) नौकरी करके (d) भिक्षा माँगकर

(iii) साधु ने क्रोध में किसे भस्म कर दिया?

(a) कबूतर को (b) कौए को
(c) तोते को (d) चिड़िया को

(iv) साधु भिक्षा माँगते-माँगते कहाँ रुका?

(a) मंदिर के बाहर (b) नदी के किनारे
(c) एक घर के द्वार पर (d) बाज़ार में

(v) पति को देखकर स्त्री ने सबसे पहले क्या किया?

(a) साधु को भिक्षा दी (b) भोजन परोसा
(c) पति के हाथ-पाँव धुलवाए (d) पति को खेत भेज दिया

प्रश्न.12 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

(i) बच्चा अपनी माँ से क्या कहता है?

(a) मुझे खाना दो। (b) मुझे खेलने दो।

(c) मुझे एक कहानी सुनाओ। (d) मुझे स्कूल भेजो।

(ii) बच्चे के अनुसार माँ किसकी बेटी है?

(a) रानी की (b) नानी की

(c) दादी की (d) पड़ोसन की

(iii) कहानी में ऊपर से कौन घायल होकर गिरता है?

(a) कबूतर (b) तोता

(c) हंस (d) कौआ

(iv) हंस किस कारण घायल हुआ था?

(a) पेड़ से गिरने के कारण (b) शिकारी के तीखे बाण से

(c) आँधी के कारण (d) नदी में डूबने के कारण

(v) नीचे दिए गए कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

कथन (A): कविता में बच्चा अपनी माँ से कहानी सुनाने का आग्रह करता है।

कारण (R) क्योंकि बच्चा अपनी माँ को अपनी नानी समझ बैठता है।

(a)कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(b) कथन और कारण दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(c)कथन सत्य है, परन्तु कारण असत्य है।

(d) कथन असत्य है, परन्तु कारण सत्य है।

प्रश्न.13 निम्नलिखित गद्य -पद्य आधारित लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (चार ) [8]

(i) फूल क्या -क्या सहकर मुस्करा रहा है ?

(ii) महाराज के अनुसार सच्चे कवि कौन था?

(iii) विराट कोहली के पिता जी का क्या सपना था ?

(iv) बुरे आदमी और स्वार्थी नेता के पास क्या होता है ?

(v) विश्व किन ज्वालाओं में जल रहा है ?

(vi) अंत में साधु को क्या समझ में आ गया ?

प्रश्न.14 निम्नलिखित गद्य -पद्य आधारित दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-: (कोई दो) [6]

(i) कवि मुसाफिर को किस प्रकार पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं ?

(ii) अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए व्यक्ति में कौन से तीन गुण होने चाहिए ?


(iii) जब आप विद्यालय में होते हैं, तब आपका क्या कर्तव्य होता है ? कोई तीन कर्तव्य बताइए |

## (लेखन-कौशल)

प्रश्न.15 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- [5]

(i) वृक्षों का महत्व (ii) समय का सदुपयोग (iii) मेरा प्रिय त्योहार

प्रश्न.16 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- [5]



प्रश्न.17 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या पत्र लिखिए:- [5]

(i) नई घड़ी (Watch) (ii) स्वादिष्ट बिस्कुट (iii) मोबाइल फोन

प्रश्न.18 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पत्र -लेखन / कहानी लेखन लिखिए :- [5]

(i) अपने पिता को अपनी पढ़ाई की प्रगति बताते हुए पत्र लिखिए।

अथवा (or)

निम्नलिखिते विषयों में से किसी एक विषय पर कहानी लिखिए:

(i) ईमानदारी का फल

(ii) एकता में बल है|

============================समाप्त============================